Email

म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

pranganmpsamb12@gmail.com

क्रमांक/बोर्ड/प्रांगण/14/04/ब/पार्ट-2/सनावद/517 भोपाल, दिनांक 05/08/2024

प्रति,

1. संयुक्त संचालक/कार्यपालन यंत्री,
   म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
   आंचलिक कार्यालय/तकनीकी संभाग .... (समस्त)।
2. सचिव,
   कृषि उपज मंडी समिति ....(समस्त),
   जिला ....(समस्त)।

विषय :- प्रदेश के कृषि उपज मण्डी प्रांगणों में वृक्षारोपण किये जाने के संबंध में।

विषयांतर्गत लेख है कि शासन द्वारा समय-समय पर पर्यावरण सुरक्षा के लिये वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रेरित किया जाता रहा है। वर्तमान में "एक पेड़ माँ के नाम (PLANT4MOTHER)" अभियान के तहत प्रदेश में वृहद् रूप से वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस जन हितैषी कार्य में मंडी/उपमंडी प्रांगण तथा आंचलिक/तकनीकी कार्यालयों में उपलब्ध भूमि/ग्रीन बेल्ट में वृक्ष रोपित कर सहयोग प्रदान किया जा सकता है। म.प्र. शासन के वायुदूत ऐप के माध्यम से उपरोक्तानुसार रोपित किये गये वृक्षों के चित्र आदि अपलोड करने की व्यवस्था स्थापित की गयी है, विस्तृत विवरण/Flow Chart की जानकारी संलग्न है।

अतः पर्यावरण सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये मंडी/उपमंडी प्रांगण तथा आंचलिक/तकनीकी कार्यालयों में उपलब्ध भूमि/ग्रीन बेल्ट में नियमानुसार वृक्षारोपण करते हुये अन्य मंडी कृत्यकारियों को भी वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया जाए।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

02/08/24

(श्रीमन् शुक्ला)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म०प्र० राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल
pranganmpsamb12@gmail.com

क्रमांक/बोर्ड/प्रांगण/14/04/ब/पार्ट-2/सनावद/518 भोपाल, दिनांक 05/08/2024

प्रतिलिपि :

सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, म.प्र. शासन की ओर सूचनार्थ।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता हेतु 1 पेड़ आवश्यक लगावें
एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों के लिये निर्देश

1. वायुदूत एप एवं पंजीयन की प्रक्रिया निम्नानुसार/संलग्न फ्लोचार्ट अनुसार होगी:-
   - गूगल प्ले स्टोर/एपल स्टोर से वायुदूत (अंकुर) एप को डाउनलोड करें।
   - एप डाउनलोड करने के पश्चात् इच्छित भाषा (हिंदी/अंग्रेजी) का चयन करें।
   - नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें।
   - मोबाइल नंबर दर्ज कर लॉगिन करें।
   - पंजीकृत मोबाइल नंबर पर OTP प्राप्त कर वेरीफाई करें तथा पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें।
   - वेरिफिकेशन उपरांत "नया वृक्षारोपण" (New Plantation) पर क्लिक करें।
   - उपलब्ध सूची में से पौधों की प्रजाति का चयन करें, रोपित प्रजाति उपलब्ध न होने पर "others" पर क्लिक करें तथा रोपित की जाने वाली प्रजाति का नाम अंकित करें।
   - रोपित पौधों की संख्या लिखें।
   - रोपित पौधे का फोटोग्राफ एप के माध्यम से अपलोड करें।
   - वृक्षारोपण स्थल की जानकारी देने हेतु "Plantation Site Information" में लिखें। रोपित वृक्ष की फोटोग्राफ पुनः देखने एवं 30 दिनों पश्चात् दूसरा फोटोग्राफ अपलोड करने हेतु "वृक्षारोपण प्रगति" (Second Photo Capture) पर क्लिक करें।
   - एप के माध्यम से द्वितीय फोटोग्राफ अपलोड करने के उपरांत एप से सहभागिता प्रमाण पत्र डाउनलोड करें।
   - एक पेड़ मां के नाम के बारे में अधिक जानकारी हेतु "एक पेड़ मां के नाम" (Plant4mother) पर क्लिक करें।
2. प्रतिभागियों को वायुदूत (अंकुर) एप के माध्यम से ही पौधा रोपण के फोटोग्राफ खींचकर अपलोड करना होंगे।
3. मोबाईल नेटवर्क न होने की स्थिति में भी ऑफलाईन मोड में एप के माध्यम से फोटोग्राफ अपलोड किये जा सकेगें। मोबाईल में नेटवर्क आने पर फोटोग्राफ स्वतः एप पर अपलोड हो जावेंगे। ऑफलाईन अवस्था में एप पर फोटो अपलोड करने हेतु पूर्व से एप पर लॉगिन रहना आवश्यक होगा।